कुनो राष्ट्रीय उद्यान में चीता शावकों का जन्म

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस](#)

मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (NP) में एक चीता ने **दो शावकों** को जन्म दिया, जिससे कुल **चीतों की संख्या 26** हो गई, जिनमें **14 शावक** शामिल हैं।

- **कूनो राष्ट्रीय उद्यान (NP) के बारे में:** कूनो राष्ट्रीय उद्यान (NP) (श्योपुर, मध्य प्रदेश) को **वर्ष 1981 में एक** वन्यजीव अभयारण्य के रूप में स्थापित किया गया था और **वर्ष 2018** में इसे राष्ट्रीय उद्यान में अपग्रेड किया गया।
  - **भूगोल:** इसमें मुख्य रूप से **शुष्क पर्णपाती वन हैं** और चंबल की एक प्रमुख **सहायक नदी कुनो नदी** उद्यान से होकर बहती है।
    - यह विंध्य पर्वतमाला में स्थित है।
  - **जीव-जंतु: तेंदुआ,** धारीदार लकड़बग्घा, भारतीय भेड़िया, **कृष्णमृग,** सांभर हरिण, **घड़ियाल (कुनो नदी)।**
    - इसका चयन भारत में चीता के आगमन हेतु कार्य योजना के अंतर्गत किया गया था।
- **वनस्पति: प्राथमिक वृक्ष प्रजातियाँ करधई, खैर** और **सलाई** हैं।

//

चीता (Cheetah)

सामान्य नाम: **एशियाई चीता**

वैज्ञानिक नाम: ***एसिनोनिक्स जुबेटस (Acinonyx jubatus)***

- *एसिनोनिक्स जुबेटस जुबेटस* (एशियाई चीता)
- *एसिनोनिक्स जुबेटस वेनाटिकस* (अफ्रीकी चीता)

विशेषताएँ:

- विश्व का सबसे तेज दौड़ने वाला स्तनधारी
- चीते अपनी क्षमता के बजाय गति के लिये जाने जाते हैं; जब ये अपने शिकार का पीछा करते हैं तो यह केवल **200-300** मीटर के लिये तथा **1** मिनट से कम अवधि का होता है।
- शेर, लकड़बग्घे और तेंदुए जैसे अन्य शक्तिशाली शिकारियों से प्रतिस्पर्द्धा से बचने के लिये चीते मुख्य रूप से दिन के दौरान शिकार करते हैं।

अफ्रीकी चीता बनाम एशियाई चीता:

एशियाई चीता

- **अफ्रीकी:** हल्के भूरे और सुनहरे रंग की **त्वचा; एशियाई चीते से मोटी**
  - ***चेहरों पर धब्बों तथा रेखाओं की प्रधानता***
  - *पूरे अफ्रीका महाद्वीप में पाए जाते हैं*
  - ***IUCN रेडलिस्ट में स्थिति:* सुभेद्य (Vulnerable)**
- **एशियाई:** अफ्रीकी चीतों से थोड़े छोटे
  - ***हल्के पीले रंग की त्वचा: शरीर के नीचे विशेष रूप से पेट पर अधिक बाल***
  - ***केवल ईरान में पाए जाते हैं;*** *देश द्वारा यह दावा किया जाता है कि अब यहाँ केवल **12** चीते शेष हैं।*
- **वर्ष 1952:** एशियाई चीता को **आधिकारिक रूप से भारत से विलुप्त** घोषित किया गया
  - ***IUCN रेडलिस्ट में स्थिति:* घोर संकटग्रस्त (Critically Endangered)**

अफ्रीकी चीता

भारत में चीतों का पुनर्वास:

- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की 19वीं बैठक में MoEF-CC** द्वारा **"भारत में चीता पुनर्वास के लिये कार्ययोजना"** जारी की गई थी। (जनवरी **2022**)
  - *इसी तरह की एक कार्ययोजना सर्वप्रथम वर्ष **2009** में प्रस्तावित की गई थी।*
- सितंबर **2022** में **नामीबिया से आठ चीतों को भारत में पुनर्वास हेतु लाया गया।**
  - *इन आठ चीतों को **मध्यप्रदेश के कुनो-पालपुर राष्ट्रीय उद्यान** में स्थानांतरित किया जाएगा।*
- नामीबिया से भारत में चीतों का स्थानांतरण **विश्व भर में किसी बड़े मांसाहारी जानवर की पहली स्थानांतरण परियोजना है।**

और पढ़ें: [प्रोजेक्ट चीता का एक वर्ष]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/cheetah-cubs-birth-in-kuno-national-park